हिन्दुस्तान

खैला के तेजस इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एंड ट्रेनिंग महाविद्यालय में आयोजित की गई संगोष्ठी

महिलाएं आज हर क्षेत्र में योगदान दे रहीं

चांदीनगर, संवाददाता। खैला के तेजस इस्टीट्यूट आफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग महाविद्यालय में मानवाधिकार दिवस पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए संगोष्ठी हुई। इसमें देश का नाम रोशन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। आईएएस पुलिस महानिदेशक सतर्कता विभाग डॉ. एसएन साबत ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में योगदान दे रही हैं।

गोष्ठी में अंतरराष्ट्रीय शूटर प्रकाशी तोमर, कारपोरेट सेक्टर से निरूपमा श्रीवास्तव, सबसे कम उम्र की शूटर डाली जाटव, चौधरी चरण सिह यूनिवर्सिटी में इतिहास में गोल्ड मेडल जीतने वाली स्वणिमा धामा, कुश्ती में देश को गोल्ड मेडल दिलानें वाली बबीता नागर, यूपी कबड्डी टीम की कप्तान सुनीता नागर व शूटर कोच डा. राजपाल सिह को शील्ड और शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि प्रो. रविन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा की महिलाओं को हमेशा सम्मान देना चाहिए क्योंकि यही इंसान की मार्ग दर्शक है। प्रो. राजकुमार ने कहा की देश ही नहीं विश्व मे भारत एक ऐसा देश है जहां महिलाओं को सबसे ज्यादा सम्मान दिया जाता है। प्रो. सुनीता मिश्रा ने महाविद्यालय की छात्राओं को देश की उन्नति और और महिलाओं के योगदान के बारे मे जानकारी दी। महाविद्यालय के चेयरमैन डा. केएस तोमर ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम में एएसपी मनीष मिश्रा, सीओ विजय चौधरी, प्रबंधक विपिन कुमार, ओमबीर सिह, जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल, प्रेमराज भाटी, विनोद, देवेंद्र त्यागी आदि मौजूद रहे।

तेजस इस्टीट्यूट में महिला सशक्तिकरण को सम्मानित करते अतिथि। • हिन्दुस्तान

- अंतरराष्टीय शूटर प्रकाशी तोमर किया सम्मानित
- महाविद्यालय के चेयरमैन ने किया स्वागत

वेट लिफ्टिंग में दो छात्रों ने स्वर्ण पदक जीता

बालैनी। सहारनपुर के एसडी इंटर कॉलेज में 7 से 10 दिसंबर तक इंटर कॉलेज प्रदेश स्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता हुई थी। बालैनी के श्री कृष्ण इंटर कॉलेज के छात्रों ने भी भाग लिया। कॉलेज की 11वीं की छात्रा शिवानी ने वेटलिफ्टिंग के 49 किलो वर्ग और 12 के छात्र हर्षवर्धन ने 67 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। छात्रों के पदक जीतने का पता चलते ही शिक्षकों और परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई।

बास्केटबॉल टूर्नामेंट में टीमों ने दिखाया दम

बड़ौत, संवाददाता। शनिवार को कोतना रोड स्थित चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल में सीबीएसई कलस्टर की टीमों के मैच हुए। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। मौजूद दर्शकों ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की।

टूर्नामेंट के चौथे दिन का खेल चीफ प्रेक्षक कैम्ब्रिज मृत्युंजय देहरादून के निर्देशन में शुरू हुआ। दिन भर दोनों कोर्टो में मैच हुए। पहला मैच एमिटी स्कूल सेक्टर 6 वसुंधरा व एपीएस उत्तराखंड, निसकोर्ट एफ एंजेल गाजियाबाद व डीपीएस इंदिरापुरम के बीच हुआ। एमिटी वसुंधरा ने 41-27, डीपीएस इंदिरापुरम ने 30-11 के अंतर से जीत हासिल की। इसके बाद रेजोनेंस स्कूल बुलंदशहर व एसकेएस वर्ड स्कूल ग्रेटर नोएडा, चौधरी केहर सिंह दिव्य स्कूल बड़ौत व एस अकेडमी मुरादाबाद के बीच हुआ। रेजोनेंस बुलंदशहर की टीम ने 20-02 व चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल की टीम ने 33-06 के अंतर से जीत हासिल की। इसके अलावा एस्टर पब्लिक स्कूल नोएडा, एसवीएम स्कूल गाजियाबाद, डीपीएसजी गाजियाबाद, विद्यासागर बुलंदशहर स्कूल की टीमों ने अपने मैचों में जीत हासिल की। स्कूल परिसर में 128 टीमें मौजूद रही। मैच के दौरान दर्शक दीर्घा में मौजूद छात्रों ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की संचालक आदित्य कृष्ण त्रिवेदी ने किया। इस दौरान डॉ मनीष तोमर, डॉं गीतांजलि तोमर, मास्टर प्रदीप शर्मा, डॉं आशीष तोमर, प्रधानाचार्य जेपी सिंह, गुलशन कुमार आदि मौजूद रहे।